हत्या के आरोपी दम्पति न्यायालय से दोष मुक्त

सांभरझील । अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश जगत सिंह पंवार ने हत्या के आरोपों से रामकुंवार बैरवा पुत्र सायर बैरवा व उसकी पत्नी रामप्यारी देवी पत्नी रामकुंवार, निवासी टीबा की ढाणी, तन दयालपुरा, पुलिस थाना दूदू, जिला जयपुर को दोष मुक्त माना, जबकि मारपीट के मामले में पति-पत्नी को दोषी ठहराते हुए तत्काल जेल भेजने के बजाय तीन वर्ष की परिवीक्षा पर छोड़ने का आदेश भी सुनाया।

इसके लिए प्रत्येक आरोपी को 25 हजार रुपये का व्यक्तिगत बंधपत्र और इतनी ही राशि का जमानतदार प्रस्तुत करना होगा। साथ ही प्रत्येक को एक हजार रुपये अभियोजन व्यय जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। घटना के संदर्भ में दर्ज रिपोर्ट में कहा गया कि दिनांक 14/10/2023 को समय करीब 5 बजे रूपादेवी अपने देवर हरिराम के साथ खेत पर बाड़ कर रही थी। उस समय रामकुंवार, रामप्यारी एवं बनवारी ने वहां आकर हरिराम के साथ मारपीट शुरू करदी। रामकुंवार एवं बनवारी ने हरिराम के हाथ पकडे तथा रामप्यारी ने सिर पर लाठी से वार किया। जिसके कारण मौके पर ही हरिराम की मौत हो गई। साथ देने के लिए आरोपियों के साथ जाट समाज के लोग भी मौजूद थे। शोर मचाने पर आरोपी उनके साथ गाड़ी से भाग गए। अदालत ने आरोपियों द्वारा हरिराम को चोट पहुंचाने का तथ्य तो पाया, लेकिन यह संदेह से परे साबित नहीं हो सका कि उन्हीं चोटों के कारण उसकी मृत्यु हुई। सिर के पिछले हिस्से की गंभीर चोट को भी आरोपियों की मारपीट से विश्वसनीय रूप से जोड़ना संभव नहीं होना पाया गया। न्यायालय ने यह भी उल्लेख किया कि हरिराम की मृत्यु होना प्रमाणित है, लेकिन आरोपियों के कृत्य से उसकी मृत्यु होना साबित नहीं हुआ। ऐसे में राजस्थान पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत मृतक के परिजनों को उचित प्रतिकर देने पर विचार करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर को अनुशंसा भेजने के निर्देश दिए गए हैं।इस मामले में आरोपी पक्ष की ओर से अधिवक्ता मंजूर अली ने पैरवी करते हुए बचाव का पक्ष रखा, जबकि राज्य सरकार की ओर से विद्वान अपर लोक अभियोजक नानूराम धाभाई ने पैरवी की।

सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, तहसीलदार ने रुकवाया

टोंक। आवां में सरकारी जमीन पर कब्जे की सूचना पर पहुंचे तहसीलदार ने काम रुकवाया। आवां कस्बे में करीब एक बीघा बेशकीमती सरकारी जमीन पर कब्जे की कोशिश की गई, इस दौरान अतिक्रमियों ने रातों-रात नींव खोदकर पक्का निर्माण शुरू कर दिया और दीवारें खड़ी करने लगा। सूचना मिलने पर रविवार को तहसीलदार अजय पांडे पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और निर्माण रुकवाकर अतिक्रमी को दोबारा कब्जा करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी।

- सामग्री जब्त कर अतिक्रमी को पाबंद किया



तहसीलदार अजय पांडे ने निर्माण रुकवाकर अतिक्रमी को दोबारा कब्जा करने पर कानूनी कार्रवाई की।

तहसीलदार अजय पांडे ने बताया कि आवां कस्बे में सरदारपुरा रोड के पास करीब एक बीघा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने की शिकायत मिली थी। इस पर रविवार को पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की तो सरकारी जमीन पर निर्माण कार्य होता मिला। अतिक्रमी ने रातों-रात जमीन पर नींव खोदकर पक्का निर्माण शुरू कर दिया था, वह तेजी से दीवारें खड़ी कर सरकारी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा था। इस मामले में सरपंच शोभा भारद्वाज ने भी प्रशासन को जानकारी देकर न्यायसंगत कार्यवाही की मांग की थी।

तहसीलदार ने राजस्व रिकॉर्ड की जांच की तो संबंधित जमीन सरकारी पाई गई।

इस पर उन्होंने सख्ती दिखाते हुए तत्काल निर्माण कार्य बंद करवा दिया। साथ ही मौके पर पड़ी निर्माण सामग्री जब्त करने की चेतावनी भी दी। तहसीलदार ने अतिक्रमी भागचंद गोयल को लिखित में पाबंद किया कि दोबारा इस जमीन पर किसी भी तरह की गतिविधि या निर्माण कार्य किया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

बच्चों को दी नियमित गोसेवा के महत्व की जानकारी

चूरू। भास्कर भवन में सराफ फाउंडेशन बेंगलुरु की ओर से संचालित गीता क्लासेज रविवार को कक्षा का शुभारंभ गिरधारी लाल सर्राफ व गीता क्लासेज के कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बच्चों से महापुरुषों के जयकारे लगवाए। इसके बाद बच्चों को पंचामृत, पांच श्लोक व स्वामी जी की आवाज में प्रार्थना का सामूहिक अभ्यास करवाया गया। जनार्दन आचार्य ने बच्चों को गीता के प्रथम व बारहवें अध्याय का अध्ययन करवाया तथा निरंजन देव आचार्य ने सातवें व पन्द्रहवें अध्याय का अध्ययन करवाया। बच्चों की सुविधा एवं बेहतर अध्ययन के लिए छह अलग-अलग कक्षाएं संचालित की गई। इस दौरान युक्ति संस्थान के डॉ. रमेश सोनी को पीएचडी की उपाधि प्राप्त होने पर गीता क्लासेज की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. रमेश सोनी ने गीता क्लासेज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चूरू में गीता कक्षा द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किये जा रहे हैं।

सार-समाचार

प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



राजगढ़। कस्बे में ब्राह्मण समाज की ओर से ब्राह्मण धर्मशाला में रविवार को दोपहर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन राजेश शर्मा ठेकेदार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस दौरान 58 प्रतिभाओं सहित जनप्रतिनिधियों, राज्य सरकार की नौकरी पाने वाले विशिष्ट जनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष विशंभर दयाल शर्मा ने राजगढ ब्राह्मण समाज की ओर से आयोजित होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं को आगे लाने में इस तरह के सम्मान समारोह प्रेरक की भूमिका निभाते हैं। माता-पिता एवं गुरुजनों के संस्कारों से प्रतिभाएं आगे बढ़ती है। इससे पूर्व जिला अध्यक्ष विशंभर दयाल शर्मा, राजेश शर्मा, मनोज गौतम, संत ज्ञानेश्वर शर्मा, रामावतार सिद्ध, आकाश मिश्रा, ओम प्रकाश शर्मा, प्रकाश दीक्षित एवं अन्य ने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के संयोजक दिनेश शास्त्री, अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश शास्त्री ने किया।

भोलेनाथ की मनमोहक झांकी सजाई

दौसा। सुंदरकांड समिति शिक्षक कॉलोनी गुप्तेश्वर रोड दौसा के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय शिक्षकेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण सामूहिक अन्नकूट एवं पंगत प्रसादी का आयोजन किया गया। इस दौरान अखंड रामायण का पाठ प्रारंभ किया गया साथ ही भगवान भोलेनाथ की मनमोहक झांकी भी सजाई गई । अन्नकूट प्रसादी वितरण के दौरान आसपास की कॉलोनियों के सैकडो लोगो ने पंगत प्रसादी ठाहण की तथा प्रसादी वितरण में सहयोग भी किया। सामुहिक अन्नकूट एवं पंगत प्रसादी वितरण के मुख्य यजमान घासीलाल शर्मा चौबे एवं प्रधानाचार्य पीयूष शर्मा ने सभी का स्वागत किया। इस दौरान समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश शर्मा, पार्षद आशीष आचार्य, योगेंद्र शर्मा मालू, राजेश खांडल, पंडित घनश्याम शर्मा, नरेंद्र शर्मा खुरी, नरेश शर्मा हरिद्वार, महेश जीतपुर, देवकी मोहन शर्मा, आशुतोष जांगिड, मुकेश टापरिया, शिव शंकर गांधी, वैध शिवचरण शर्मा, जयेश शर्मा, कमलेश गौतम, अंबेश जाकड़, पंडित पवन शर्मा, पीयूष जैन, पंकज ढिगारिया, अरविंद चतुर्वेदी, निर्मल हरितवाल, आलोक आचार्य, विवेक शर्मा, दीपक शर्मा हिंगोटिया, अजय गुर्जर रलावता, चंद्र मोहन शर्मा, जयेश खांडल, चंद्र मोहन शर्मा, सोनू जैन आदि समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहे। शिक्षकेश्वर महादेव का मनमोहक श्रृंगार राजेश शर्मा द्वारा किया गया। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के सामूहिक आयोजनों से समाज में परस्पर स्नेह एवं प्रेम बढ़ता है और सनातन धर्म का प्रचार प्रसार होता है और आपसी भाईचारा बढ़ता है।

टोंक महोत्सव कार्यक्रम का प्रारम्भ

टोंक। अंजुमन सोसायटी खानदान ऐ अमीरिया एवं जिला प्रशासन के सहयोग से टोंक महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। इस दौरान कार्यक्रमो के अन्तर्गत आल इंडिया सेमिनार एवं पुस्तक विमोचन, चारबैत, लान टेनिस, प्रतियोगिता, बैडमिंटन, अखिल भारतीय मुशायरा, और अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में रविवार को एपीआरआई संस्थान में टोक के इतिहास और संस्कृति की पुस्तकों का विमोचन किया गया, जिसमें अनेक शोधकर्ताओं ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अंजुमन सोसायटी खानदान ऐ अमीरिया के सैकडों लोग मौजूद रहे। वही डॉ. मोहम्मद बाकिर हुसैन ने क़ैसर खान की कृति 'फ़रहंग-ए-नौ आईन-ए-हिंदी' का शोधपरक एवं आलोचनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह मूलत: क़ैसर खान का एम.फिल. का शोध-प्रबंध है, जिसे प्रो. फ़रीद अहमद बरकाती के निर्देशन में तैयार किया गया था। वर्ष 2026 में यह शोध-प्रबंध पुस्तक के रूप में प्रकाशित होकर पाठकों के समक्ष उपस्थित है। इसमें अठारहवीं शताब्दी में अरबी, फ़ारसी, उर्दू, देवनागरी तथा जनभाषा में प्रचलित शब्दों और मुहावरों का संकलन किया गया है। इसे राजस्थान में उर्दू के कोश-विज्ञान और भाषायी अनुसंधान के क्षेत्र में एक मील का पत्थर कहा जा सकता है।

नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का भव्य स्वागत-अभिनंदन

फुलेरा। ग्राम माल्यावास में रविवार को श्री जमवाय माता मंदिर परिसर में ग्रामीणों की ओर से नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान में स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में ठाामवासियों ने जनप्रतिनिधियों का माला एवं साफा पहनाकर तथा महिला जनप्रतिनिधियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। समाजसेवी भूपेंद्र सिंह के अनुसार समारोह में नगर पालिका फुलेरा के उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह शेखावत, ग्राम पंचायत अरडा का के सरपंच संम्पत सिंह राठौड़, जयपुर नगर निगम के वार्ड 95 के पार्षद मानवेन्द्र सिंह शेखावत, ठााम पंचायत सुरसिंहपुरा की उपसरपंच लाड कंवर, ग्राम पंचायत रोजड़ी की सरपंच गुलाब देवी प्रतिनिधि मोनूकुमावत, उपसरपंच ओमपाल सिंह खंगारोत, ग्राम पंचायत काचरोदा की सरपंच रजनी कुमावत तथा माल्यावास की वार्ड पंच प्रेम देवी, मांगी देवी एवं भूरी देवी का स्वागत-अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर ठाामीणों ने सभी जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के साथ ग्रामीण अंचल के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। साथ ही सड़क, पेयजल सहित अन्य जनसमस्याओं के समाधान तथा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का आठाह किया। समारोह में सामाजिक एकता, आपसी सहयोग और विकास कार्यों में जनभागीदारी का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में मगन सिंह, बजरंग सिंह, मदनलाल, जितेंद्र सिंह, बाघसिंह, तेजसिंह, मालसिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

राजेश आचार्य ने नृत्यांजलि समारोह में अपनी वाणी से बिखेरा जादू

सांभरझील। कला की चमक और प्रतिभा की धमक सामान्य ही नहीं, बल्कि असामान्य व्यक्तित्वों को भी अपनी ओर आकर्षित करती है। परमात्मा की इस अनमोल देन को विभिन्न स्वरूपों में दूसरों तक पहुंचाने का संकल्प लेकर अपने अडिग पथ पर अठासर सांभर रामलीला निदेशक राजेश आचार्य की कला का जादू छह दशक की उम्र पार करने के बाद भी बरकरार है। संगीत, गायन, नाटक मंचन और मंच संचालन के क्षेत्र में उनकी प्रतिभा का कोई सानी नजर नहीं आता । मंच से उनकी प्रभावशाली वाणी का ऐसा जादू चलता है कि श्रोता मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। यही वजह है कि उन्हें विभिन्न आयोजनों में आमंत्रित करने के लिए आयोजक अवसर तलाशते रहते हैं। इसी प्रतिभा के चलते उन्हें शिवम नृत्य अकादमी, जयपुर एवं कला क्षेत्र नृत्य अकादमी, पुणे के संयुक्त नृत्यांजलि समारोह में मंच संचालन का अवसर मिला, जिससे शाकंभरी नगरी एक बार फिर गौरवान्वित हुई। राजेश आचार्य ने बताया कि नृत्यांजलि समारोह में गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. पुनीता सिंह, संयुक्त निदेशक, पर्यटन विभाग तथा विशिष्ट अतिथि लोक कला मर्मज्ञ विनोद जोशी सहित अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति में मंच संचालन का अवसर मिलना उनके लिए गौरव का विषय रहा।

ओम बिरला ने शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी

अलवर। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर तथा पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने बहरोड विधायक एवं पूर्व मंत्री दिवंगत डॉ. जसवंत सिंह यादव के निधन पर उनके अलवर स्थित आवास पर पहुंचकर उनके चित्र पर श्रृद्धासुमन अर्पित कर भावभानी श्रृद्धाजंलि अर्पित की तथा शोक संतृप्त परिवारजनों को ढाढस बंधाया। इस दौरान वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा, रामगढ विधायक श्री सुखवंत सिंह, पूर्व विधायक श्री बनवारी लाल सिंघल व श्री मंगलराम कोली सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों ने बहरोड विधायक एवं पूर्व मंत्री दिवंगत डॉ. जसवंत सिंह यादव को श्रृद्धा सुमन अर्पित किए।

पावटा में मीणा, बराला आदि जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन

पावटा। निजी कार्यालय प्रागपुरा पर पावटा प्रागपुरा नगरपालिका अध्यक्ष मीना अजय सैनी द्वारा दौसा सांसद मुरारी लाल मीणा, चौमूं विधायक शिखा मील बराला, सूरतगढ़ विधायक डूंगरराम गेदर एवं कोटपुतली बहरोड़ जिलाध्यक्ष तथा पूर्व विधायक इन्द्राज गुर्जर का साफा एवं माला पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों का पारंपरिक तरीके से सम्मान करते हुए उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। साथ ही उपस्थित सभी साथियों के साथ आत्मीय मुलाकात हुई और विभिन्न विषयों पर आपसी चर्चा एवं विचार-विमर्श का अवसर मिला।

- दौसा सांसद मुरारी लाल मीणा, चौमूं विधायक शिखा मील बराला एवं सूरतगढ़ विधायक डूंगरराम गेदर, जिलाध्यक्ष तथा पूर्व विधायक इन्द्राज गुर्जर का स्वागत



पावटा प्रागपुरा नगरपालिका अध्यक्ष मीना अजय सैनी ने दौसा सांसद मुरारी लाल मीणा, चौमूं विधायक शिखा मील बराला आदि का स्वागत सम्मान किया।

इस दौरान कार्यालय पर सौहार्दपूर्ण माहौल रहा। सभी जनप्रतिनिधियों एवं साथियों की उपस्थिति ने इस मुलाकात को यादगार बनाया। इस दौरान अध्यक्ष मीना सैनी, अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय सैनी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश मीणा, दशरथ सिंह, गणेश सैनी, रामनिवास यादव, राजीव डहरवाल सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

पावटा में सर्विस रोड के किनारे बने नालों की बदहाल स्थिति

पावटा। राष्ट्रीय राजमार्ग-48 स्थित सर्विस रोड के किनारे बने नालों की बदहाल स्थिति प्रशासनिक व्यवस्थाओं की पोल खोल रही है। नाले कचरे और गंदगी से पूरी तरह अटे पड़े हैं। जगह-जगह प्लास्टिक, कूडा-कचरा और अन्य अपशिष्ट जमा होने से नालों का अस्तित्व ही मानो खत्म होता नजर आ रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग और प्रशासन इस गंभीर समस्या से बेखबर बने हुए हैं।

- नालों में कचरा जमा होने से पानी की निकासी बाधित होने की आशंका बनी हुई है

नालों में कचरा जमा होने से पानी की निकासी बाधित होने की आशंका बनी हुई है। बारिश के दौरान यही स्थिति जलभराव का कारण बन सकती है। वहीं गंदगी के चलते दुर्गंध और मच्छरों के पनपने का खतरा भी बढ़ रहा है, जिससे आसपास के दुकानदारों, राहगीरों और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही हैरानी की बात यह है कि सर्विस रोड के नालों पर कहीं फेरो कवर लगे हुए हैं तो कहीं नाले पूरी तरह खुले पड़े हैं। खुले नाले राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं।

विशेषकर रात के अंधेरे में खुले नाले दिखाई नहीं देने से दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ जाती है। ऐसे में किसी वाहन के असंतुलित होने या राहगीर के नाले में गिरने से बड़ा हादसा हो सकता है। विडंबना यह है कि राष्ट्रीय राजमार्ग जैसे महत्वपूर्ण मार्ग पर सफाई व्यवस्था की यह तस्वीर सामने आने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है।

श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन उमड़ा श्रद्धा और भक्ति का सैलाब

पावटा। कस्बे के बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर की पावन धरा पर केशवानंद आशीष गर्ग द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और कथावाचक के मुखारविंद से प्रवाहित हो रही भागवत कथा का रसपान किया। वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक बृजेश पाठक ने कथा के दौरान श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मनुष्य के जीवन को सद्मार्ग पर ले जाने वाली आध्यात्मिक प्रेरणा है। इसके श्रवण से मन में सकारात्मक विचारों का संचार होता है तथा व्यक्ति को सत्य, धर्म, प्रेम, करुणा और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान भागदौड़ भरे जीवन में आध्यात्मिकता और ईश्वर भक्ति ही मनुष्य को मानसिक शांति प्रदान कर सकती है। कथा के दूसरे दिन बृजेश पाठक महाराज ने भक्त ध्रुव की भक्ति, दृढ़ संकल्प और तपस्या का प्रसंग सुनाया।

- कथावाचक ने श्रीमद्भागवत के महात्म्य, भक्ति और धर्म के महत्व का किया भावपूर्ण वर्णन, भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु

उन्होंने बताया कि किस प्रकार बालक ध्रुव ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने संकल्प को नहीं छोड़ा और भगवान के प्रति अटूट श्रद्धा एवं भक्ति के बल पर विशेष स्थान प्राप्त किया। भक्त ध्रुव का प्रसंग श्रद्धालुओं को यह संदेश देता है कि सच्ची श्रद्धा, दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर साधना से कठिन लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं।

विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने का प्रयास

मनोहरपुर। बाल दिवस के अवसर पर सेवार्थ फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से जयपुर स्थित महात्मा गांधी मॉडल स्कूल में विद्यार्थियों की शैक्षिणक सुविधाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कंप्यूटर सेट भेंट किया गया। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने और तकनीकी ज्ञान के प्रति प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया। संस्था प्रमुख साधना सेठी एवं डॉ. एकता वशिष्ठ ने बताया कि शिक्षा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का सबसे सशक्त माध्यम है। वर्तमान डिजिटल युग में प्रत्येक विद्यार्थी को कंप्यूटर शिक्षा और तकनीकी संसाधनों से जोड़ना बेहद आवश्यक है। इसी उद्देश्य से बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय को कंप्यूटर सेट भेंट कर बच्चों के शैक्षिणक विकास में सहयोग किया गया । इस सेवा कार्य में संस्था की सहयोगी सदस्य एवं शिक्षाविद् शीतल अरोरा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में रीना मीणा भी उपस्थित रहीं।

फिजियोथैरेपी चिकित्सा आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूत कड़ी : जूली

अलवर। अलवर में चिकित्सा विज्ञान, आधुनिक तकनीक और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया, जब रविवार को प्रताप ऑडिटोरियम में द्वितीय राष्ट्रीय फिजियोथैरेपी कॉन्फ्रेंस 'नेशनल अलवर फिजियोकॉन-2026' सीजन-2 का भव्य शुभारंभ हुआ। अलवर एसोसिएशन ऑफ फिजियोथैरेपिस्ट्स के तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने किया। इस अवसर पर उन्होंने फिजियोथैरेपी को आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि आज मरीजों के उपचार और तेजी से रिकवरी में फिजियोथैरेपिस्ट्स की भूमिका लगातार बढ़ रही है।

- अलवर में द्वितीय राष्ट्रीय फिजियोथैरेपी कॉन्फ्रेंस 'नेशनल अलवर फिजियोकॉन-2026' का भव्य शुभारंभ, देशभर के विशेषज्ञों ने साझा किए शोध, अनुभव और आधुनिक उपचार पद्धतियां

जूली ने कहा कि यह अलवर के लिए गर्व और गौरव का विषय है कि लगातार दूसरे वर्ष देशभर के प्रतिष्ठित फिजियोथैरेपिस्ट्स यहां एक मंच पर एकत्रित हुए हैं। ऐसे राष्ट्रीय आयोजन न केवल चिकित्सा जगत के विशेषज्ञों को अपने अनुभव और ज्ञान साझा करने का अवसर देते हैं, बल्कि नई तकनीकों, शोध और उपचार की आधुनिक पद्धतियों को आम मरीजों तक पहुंचाने का रास्ता भी खोलते हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विज्ञान निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आज उपचार का दायरा केवल दवाइयों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक पद्धितयों और विशेषज्ञों के समन्वित प्रयासों से मरीजों को बेहतर परिणाम मिल रहे हैं। उन्होंने कहा, "दवा और दुआ के साथ आधुनिक फिजियोथैरेपी तकनीक मरीजों की रिकवरी को अधिक प्रभावी और तेज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। फिजियोथैरेपिस्ट्स आज चिकित्सा व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं।"

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि फिजियोथैरेपी केवल शारीरिक तकलीफों से राहत देने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्ति को दोबारा आत्मनिर्भर और सामान्य जीवन की ओर लौटाने की महत्वपूर्ण चिकित्सा पद्धित है। ऐसे में इस क्षेत्र में लगातार हो रहे शोध, नवाचार और तकनीकी विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।

उन्होंने सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे चिकित्सकों और विशेषज्ञों द्वारा नई थीसिस, नवीन विचारों, शोध और आधुनिक तकनीकों पर किए जा रहे विचार-विमर्श को चिकित्सा जगत के लिए उपयोगी बताया।

साल में एक बार गांव में डॉक्टर नहीं, बेटा बनकर लौटते हैं डॉ. नूतन शर्मा

किशनगढ़ बास। मुंबई का सैफी अस्पताल जहां देश के बडे-बड़े लोग इलाज के लिए लाइन में लगते हैं। उसी अस्पताल में न्यूरो सर्जन एवं यूनिट हेड हैं डॉ. नूतन शर्मा।नाम, शोहरत, पैसा सब कुछ है। लेकिन साल में एक बार जब वह अपनी जन्मभूमि पर लौटते हैं, तो न कोई बड़ा डॉक्टर रहता है, न कोई वीआईपी। बस गांव का एक बेटा रहता है, जो अपने लोगों की सेवा के लिए स्टेथोस्कोप लेकर खड़ा होता है।

यह कहानी किशनगढ़ बास नगर पालिका के वार्ड गांव बास कृपाल नगर की जहां दो दिन से लगे दो दिवसीय विशाल मल्टी एवं सुपर स्पेशलिस्ट नि:शुल्क परामर्श शिविर की। जो इस बार 19 वा था। यह शिविर जन कल्याण एवं शिक्षा विकास समिति बास कृपाल नगर व डॉ. श्रॉफ धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय अलवर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस शिविर में हजारों मरीजों ने नि:शुल्क परामर्श लिया और मुफ्त दवाइयां पाईं।

शिविर में 2 दिन तक मरीजों की लंबी कतार लगी रही। सुबह से ही आसपास के गांवों से लोग पहुंच रहे थे। बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे सभी ने शिविर का लाभ उठाया। 14 व 15 को 2 दिन के शिविर में डॉ. नूतन शर्मा सहित डॉ. योगेंद्र शर्मा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर, डॉ. सोनम गुप्ता, डॉ. मेघा गुप्ता, डॉ. पीयूष गुप्ता, डॉ. चंद्रेश यादव, डॉ. हंसराज यादव, डॉ. लक्ष्य की टीम ने मरीजों की जांच की। मरीजों को नि:शुल्क परामर्श के साथ-साथ मुफ्त दवाइयां भी दी गईं। गंभीर मरीजों को आगे के इलाज के लिए उचित मार्गदर्शन भी दिया गया।

- 19 वांविशाल मल्टी एवं सुपर स्पेशलिस्ट नि:शुल्क शिविर, 2 दिन चले शिविर में हजारों मरीजों को मिला मुफ्त परामर्श व दवा। गांव के लोग भी बने सेवक

शिविर में बड़ी संख्या में गांव के लोग अपनी सेवाएं देते नजर आए। किसी ने रजिस्ट्रेशन संभाला, तो किसी ने मरीजों को डॉक्टर तक पहुंचाया। किसी ने पानी पिलाया, तो किसी ने दवा वितरण में मदद की।हर कोई व्यक्ति सेवा में लगा था। लोगों ने कहा 19 साल से लगातार चल रहा यह शिविर अब क्षेत्र की पहचान बन चुका है। मुंबई जैसे बड़े शहर में बड़ा पद और नाम होने के बावजूद डॉ. नूतन शर्मा का गांव से जुड़ाव आज भी वैसा ही है। उनकी इस सेवा भावना से हजारों गरीब मरीजों को महंगे इलाज से राहत मिलती है।

वकीलों का दलित व पीड़ित व्यक्तियों को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान : व्यास

भरतपुर । बार एसोसिएशन भरतपुर द्वारा ऑडिटोरियम, महात्मा गांधी वेटरनरी कॉलेज, आगरा रोड, भरतपुर में लॉयर ए रियल कर्मयोगी सेमिनार का आयोजन भव्य रूप से किया गया। लॉयर ए रियल कर्मयोगी बिषय पर आयोजित इस सेमिनार में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश संदीप मेहता के साथ राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति उमाशंकर व्यास, सुदेश बंसल, ज्ञानेशराम मीणा, विपिन गुप्ता, अनिल उपमन सहित अन्य न्यायाधीश के अलावा बार काउंसिल आफ राजस्थान के को-चेयरमैन सतीश खाण्डल तथा सदस्यगण रजनीश गुप्ता, रामजीत, शशिबाला, हेमा तिवारी और अन्य पदाधिकारीगण तथा राजस्थान उच्च न्यायालय के अनेकों वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने शिरकत की। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधिपति ने राजस्थान उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधिपतियों के साथ दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उसके बाद सीनियर एडवोकेट एस के गुप्ता द्वारा अतिथियों के स्वागत में उद्बोधन देते कहा गया कि भरतपुर बार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पधारकर अधिवक्ताओं का सम्मान बढाया है।



भरतपुर में लॉयर ए रियल कर्मयोगी सेमिनार का आयोजन किया गया।

तत्पश्चात भरतपुर के गार्जियन जज उमाशंकर व्यास ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश संदीप मेहता ने इस सेमिनार में पधारकर इस संगोष्ठी के महत्व और गंभीरता को बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि कर्मयोगी का जो विषय इस सेमिनार में चुना गया है, उसकी इस ब्रजप्रदेश में महत्वपूर्ण भूमिका है। भरतपुर के अधिवक्ताओं के महत्व को बताते हुए कहा कि भरतपुर के अधिवक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अधिवक्ताओं के व्यवसाय को लोकतंत्र के लिए उन्होंने महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने आगे कहा दलित व पीड़ित व्यक्तियों को न्याय दिलाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहता है। आदमी जब निराश हो जाता है, तब वह वकीलों का सहारा लेता है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार उपाध्याय द्वारा इस सेमिनार का आयोजन किया गया है।

इसके बाद राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति सुदेश बंसल ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा की वह स्वयं भरतपुर के रहने वाले हैं तथा वकील कोटे से न्यायाधीश बने हैं। उन्होंने गिरिराज महाराज की ब्रजभूमि में महत्वता को चित्रण किया और गिरिराज महाराज का जयकारा लगाकर अपना उद्बोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की विधिक संगोष्ठी बार काउंसिल आफ राजस्थान के तत्वावधान में भी होनी चाहिए। उन्होंने इस सेमिनार के आयोजन के लिए भरतपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार उपाध्याय को धन्यवाद देते हुए कहा कि सेमिनार गौरव की बात है। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश संदीप मेहता का अभिनन्दन करते हुए कहा कि वह न्याय के क्षेत्र में हम सभी के गुरु हैं। संगोष्ठी से बार-बेंच के मध्य मधुरता आती है, जिससे न्याय में सुगमता होती है। अधिवक्ता कर्मयोगी हैं। वे अपना कर्तव्य निभाते हैं। पुराने मामलों का निपटारे में न्यायपालिका का सहयोग अधिवक्ताओं के बिना नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि भरतपुर के वकील कर्म योगी के साथ भक्ति योग में भी रहते हैं।